दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 259 मुरादाबाद, 15 January 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राहुल के साथ चलते-चलते गिरे सांसद, अटैक से मौत



संतोख चौधरी पंजाब के पहले शिक्षामंत्री मास्टर गुरबंता सिंह के बेटे थे। उनके बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर के विधायक हैं। वे दोआबा के बड़े दलित नेता थे। जालंधर के सांसद संतोख चौधरी का शनिवार को निधन हो गया। वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल थे। इसी दौरान फगवाड़ा के नजदीक भाटिया गांव के पास उन्हें हार्ट अटैक आया। चौधरी को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका देहांत हो गया। चौधरी के देहांत के बाद भारत जोड़ो यात्रा रोक दी गई। चौधरी 76 साल के थे। संतोख चौधरी दोआबा के बड़े दलित नेता थे। वे दूसरी बार सांसद बने थे। संतोख चौधरी पंजाब में मंत्री रह चुके थे। वे पंजाब के पहले शिक्षामंत्री मास्टर गुरबंता सिंह के बेटे थे। उनके बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर के विधायक हैं। चौधरी 2014 में अकाली दल के पवन कुमार टीनू को हराने के बाद 16 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। साल 2004 से लेकर 2010 तक वे पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे। 2002 में कांग्रेस सरकार के दौरान वे सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास, समाज कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग के मंत्री रहे। 2002 में वे फिल्लौर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीते। उन्होंने अकाली दल के सरवन सिंह को हराया था।राहुल गांधी जालंधर में सांसद संतोख चौधरी के घर पहुंच गए हैं। उनके साथ सांसद मनीष तिवारी भी हैं। संतोख चौधरी के निधन पर पंजाब के नेताओं ने शोक जताया है।

### रविवार को होगा अंतिम संस्कार, फिर शुरू होगी यात्रा

पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने एलान किया कि रविवार सुबह 11 बजे के बाद यात्रा शुरू होगी। राहुल गांधी ने कहा कि संतोख चौधरी के अंतिम संस्कार के बाद यात्रा शुरू होगी। पंजाब के पूर्व सीएम और भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने संतोख चौधरी के निधन पर शोक जताया। कैप्टन ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से सांसद संतोख सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन के बारे में सुनकर अत्यंत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके पूरे परिवार के साथ हैं। वाहेगुरु जी दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें।

### आप नेता अनमोल गगन मान ने जताया शोक

आप नेता अनमोल गगन मान ने चौधरी के निधन पर शोक जताया और कहा कि जालंधर से सांसद संतोख चौधरी के आकस्मिक निधन से दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरे विचार और प्रार्थना उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं।

## गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने आए श्रद्धालुओं से मिले CM योगी आदित्यनाथ, बच्चों को पास बुलाकर किया दुलार



गोरखपुर- खिचड़ी मेले की व्यवस्था की बेहतरी और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में डेरा डाल दिया है। देर रात वह मेला परिसर का निरीक्षण करने के लिए परिसर में निकले। एक- एक व्यवस्था देखी और व्यवस्था की बेहतरी के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### सुविधाओं की जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खोया- पाया केंद्र, अस्थायी चिकित्सालय व अन्य शिविरों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निर्देशित किया कि चिकित्सालय व अन्य उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने समूचे मंदिर व मेला परिसर में साफ- सफाई, सुरक्षा व अन्य सभी सुविधाओं को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए। कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रैन बसेरों में बेहतरीन व्यवस्था होनी चाहिए।

### श्रद्धालुओं की पूछी कुशलक्षेम

रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से भी मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। खिचड़ी चढ़ाने के लिए अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं से उन्होंने रुकने की व्यवस्था के बारे में पूछा। सबने बताया कि जिला व मंदिर प्रशासन की ओर से उनके लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ श्रद्धालुओं के साथ आए उनके बच्चों को पास बुलाकर दुलारा और उन्हें आशीर्वाद दिया। बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछकर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### खिचड़ी मेले की तैयारी पर पल- पल नजर रखेंगे योगी

चार दिन के दौरे पर शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार की तड़के शुरू होने वाले खिचड़ी मेले की तैयारियों पर शनिवार यानी आज पल-पल नजर रखेंगे। इसके लिए आज वह पूरे दिन मंदिर परिसर में ही रहेंगे। इस दौरान व्यवस्था को लेकर परिसर में उनका निरीक्षण लगातार चलता रहेगा। खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला आज से ही शुरू हो गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मंदिर प्रबंधन और पुलिस-प्रशासन को सहेज दिया था।

## हरिद्वार में गंगा स्नान, कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



हरिद्वार में मकर संक्रांति की डुबकी के लिए आस्था का रेला उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। गंगा घाटों पर मकर संक्रांति स्नान की तैयारियों को देर शाम अंतिम रूप दे दिया गया था। सूर्य के उत्तरायण होने पर देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर डुबकी लगाने की व्यवस्था की गई है।

इस बार भी मकर संक्रांति की डुबकी दो दिन लगेगी। शनिवार की रात सूर्य उत्तरायण हो रहे हैं, स्नान सुबह से ही आरंभ हो जाएगा। लेकिन, पुण्यकाल की मान्यता रखने वाले रविवार को संक्रांति की डुबकी लगाएंगे। शनिवार की रात 8:44 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही खरमास उतर जाएगा। उदया तिथि की मान्यता के क्रम में पुण्यकाल रविवार की सुबह से शाम तक रहेगा। लेकिन संगम पर डुबकी शनिवार को ही लगने लगेगी। सूर्य के उत्तरायण होने से पहले मकर संक्रांति स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला पहुंच गया था। मकर संक्रांति के स्नान के लिए देश के कोने-कोने से संतों-भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। हर हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं।स्नान ध्यान और गंगा पूजन के बाद तिल गुड़ वस्त्र इत्यादि का दान भी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने भी शांति बनाए रखने के लिए कमर कसी हुई है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद बनाने के लिए मेला क्षेत्र को सात जोन व 17 सेक्टरों में बांटा गया है।शहर में दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक 14 जनवरी की दोपहर दो बजे तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं।

## लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, 31 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे



राज्य के बिजली मंत्री अरूप बिस्वास ने बताया कि 31 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र स्नान कर चुके हैं। अगले दो दिनों में और संख्या और बढ़ेगी। नतीजतन प्रशासन का मानना है कि रविवार शाम तक श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 50 लाख हो सकती है.पवित्र मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में शनिवार को 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा सागर (त्रड्डठ्ठद्दड्डह्यड्डद्दड्डह्न स्न्द्गद्यड्ड 2023) डुबकी लगाई। शनिवार सुबह 6:53 से पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त शुरू हुआ है, जो रविवार शाम 6:53 तक जारी रहेगा। कपिल मुनि आश्रम के महंत ज्ञानदास ने बताया कि शनिवार सुबह 6:00 बजे से ही बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों ने गंगासागर में डुबकी लगाने शुरू कर दी थी। देश दुनिया से पहुंचे लाखों महिला पुरुष युवाओं समेत अनगिनत की संख्या में नागा, नाथ और अन्य संप्रदाय के साधुओं ने इस सागर तट पर मोक्ष मिलने की आस में डुबकी लगाई है। पुण्य स्नान की अवधि 48 घंटे निर्धारित की गई है। इस बीच, दो तीर्थ यात्रियों की सेहत गंभीर होने पर उनको एयरलिफ्ट करके कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक तीर्थ यात्री नेपाल के तो दूसरे बंगाल के निवासी हैं। जानकारी देते हुए राज्य के बिजली मंत्री अरूप बिस्वास ने बताया कि 31 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र स्नान कर चुके हैं। अगले दो दिनों में और संख्या और बढ़ेगी। नतीजतन प्रशासन का मानना है कि रविवार शाम तक श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 50 लाख हो सकती है। इस बार पुण्य स्नान का लग्न रात्रि के समय भी है, इसीलिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त तौर पर 33 हाई मास्ट लाइट और 90 लैंप पोस्ट लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गंगासागर में इस बार ई-दर्शन और ई-बाथ की भी सुविधा है जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राज्य के लोक स्वास्थ्य और तकनीकी मंत्री पुलक रॉय ने भी दावा किया कि 30 से 40 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस समेत जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं।

### पर्यावरण का भी रखा जा रहा है ख्याल

दूसरी ओर समुद्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए गंगासागर बकखाली विकास परिषद व सागर पंचायत समिति ने विशेष कार्यक्रम चलाया है। लोगों को प्लास्टिक के बदले कपड़े के थैले दिए गए हैं।

### संदिग्ध जेब कतरे गिरफ्तार

गंगासागर की भीड़ में जेब कतरे भी हाथ साफ कर रहे हैं। अभी तक 12 लोगों ने जेब कटने की शिकायत मिली है। ऐसे 29 संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया गया है। चोरी के 30 हजार 750 रुपये बरामद किए जा चुके हैं।

### व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

सुबह से ही तीर्थयात्री शिविरों से निकल कर पुण्य स्नान के लिए पहुंचने लगे थे। भक्तों ने गंगा और सागर के मिलन तट पर डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। इनकी सुविधाओं के लिए प्रशासन ने पुख्ता व्यवस्था कर रखी थी। पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड समेत नेवी और कोस्ट गार्ड के 10 हजार से अधिक जवानों तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिला प्रशासन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के सागर तट पर पुण्य स्नान के लिए पहंचने की उम्मीद है। पिछले साल 30 लाख लोगों ने डुबकी लगाई थी।

## PM मोदी ने देशवासियों को दी भोगी व उत्तरायण की शुभकामनाएं, कहा- हमारे जीवन में खुशियों की बहुतायत हो



देश में आज मकर संक्रांति, भोगी और उत्तरायण का त्योहार मनाया जा रहा हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को भोगी और उत्तरायण के त्योहारों की बधाई दी। पीएम मोदी ने ट्वीट में कहा, %भोगी की शुभकामनाएं। सभी की खुशी और कल्याण के लिए प्रार्थना।% उन्होंने एक अन्य ट्वीट में उत्तरायण की भी शुभकामनाएं देशवासियों को दी और कहा कि हमारे जीवन में खुशियों की बहुतायत हो। बता दें कि भोगी त्योहार पोंगल के चार दिनों के पहले दिन कई दक्षिणी राज्यों में मनाए जाने वाले महत्वपूर्ण फसल उत्सवों में से एक है। वहीं उत्तरायण भी फसल से जुड़ा त्योहार है। यह गुजरात में मनाए जाने वाले प्रमुख पतंगबाजी उत्सवों में से एक है। भोगी त्योहार मुख्य रूप से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में भगवान इंद्र, बारिश और बादलों के देवता के सम्मान में मनाया जाता है। किसान इस दिन भगवान इंद्र की पूजा करते हैं। अच्छी बारिश और भरपूर फसल के लिए आज के दिन उनका आशीर्वाद मांगते हैं।प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी भोगी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अमित शाह ने कहा %मैं आप सभी को माघ बिहू की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। भोगली का फसल उत्सव सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लाए।% अमित शाह ने पोंगल की भी बधाई दी और कहा कि यह फसल उत्सव पूरी दुनिया में फैले सभी तमिल लोगों के लिए समृद्धि और तृप्ति लाए।' सुख शांति और समृद्धि लायें।विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी भोगी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने कहा मकर संक्रांति, माघ बिहू, पोंगल, उत्तरायण के फसल पर्व की हार्दिक बधाई। वे सभी के लिए खुशी, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आएं।

## जोशीमठ भू-धंसाव की सूचनाओं पर केंद्र ने लगाई सेंसरशिप, गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक



एनडीएमए के संयुक्त सलाहकार बिस्वारुप दास की ओर से सर्कुलर जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जोशीमठ भू-धंसाव के संबंध विभिन्न सरकारी संस्थाएं सोशल मीडिया पर अपने स्तर से आंकड़े जारी कर रही हैं। देश भर के नागरिकों के बीच इससे भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। केंद्र सरकार ने जोशीमठ भू-धंसाव की सूचनाओं पर सेंसरशिप लगा दी है। भू-धंसाव के कारणों की जांच करने गईं केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भू-धंसाव से संबंधित सूचनाएं मीडिया को साझा नहीं करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण( एनडीएमए ) ने भू-धंसाव अध्ययन से जुड़े सभी केंद्रीय संस्थानों को सर्कुलर जारी कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने 12 जनवरी को नई दिल्ली में जोशीमठ भू-धंसाव के संबंध में समीक्षा बैठक की थी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि जोशीमठ के भू धंसाव का आकलन करने के लिए एक विशेष समूह गठित किया जा चुका है। सभी संस्थानों को निदेशकों को ताकीद किया गया है कि वे विशेष समूह की अंतिम रिपोर्ट आ जाने तक मीडिया फोरम पर कोई सूचना साझा न करें। इन केंद्रीय संस्थानों को दिए निर्देश- सीबीआरआई रुड़की, जीएसआई कोलकाता, एनआरएसी-इसरो हैदराबाद, सीजीडब्ल्यूबी नई। दिल्ली, सर्वे जनरल ऑफ इंडिया, एसओआई, देहरादून, आईआईआरएस, देहरादून। एनजीआरआई हैदराबाद, एनआईएच, रुड़की, डब्ल्यूआईएचजी, देहरादून, आईआईटी। रुड़की, ईडी, एनआईडीएम, नई दिल्ली व सचिव, उत्तराखंड एसडीएमए, देहरादून।

# संपादकीय Editorial

## Governor's 'Tamilism'

Tamil Nadu Governor R. N. Ravi had to walk out of the assembly. When this news came out, the constitutional structure of the country began to shake, as it was a rare circumstance. Questions are also being raised on the Tamil thinking and politics of the Governor. He had to walk out of the house as he did not read out some parts of his speech. In other words, he didn't want to study and moved on. The ruling party expressed strong objection and passed the resolution against the governor by voice vote. Usually this does not happen, because the President and the Governor have been given some additional powers and exemptions in the constitution. The governor is the constitutional head of the government in the state. In fact, the governments decide the addresses of the President or the Governor and it is a tradition that through those addresses they address the session of the House. The policy blueprint of the government also explains what the government has done and what are the future programmes. Governor Ravi, however, left out those parts of the speech which referred to Tamil leaders. Among those leaders were Periyar, former Congress chief minister K.K. Kamaraj, former chief ministers of the DMK government, C.N.Annadurai and Karunanidhi, finally Dr. Ambedkar, etc. The Governor also left unread a portion of the DMK coalition government's commitment to the Dravidian model of administration and government and to communal harmony. None of these names and references can be termed as controversial, unconstitutional and clearly incorrect or false. Then why didn't the governor read these excerpts, while he has a deep connection with Tamil Nadu? Tamil leaders and political parties are accepting the reason for this as clear. They are even considering Governor Ravi as an agent of the Modi government at the Centre. This is also a situation of constitutional insult. In September, 2021 R.N. Ravi was appointed as the Governor of Tamil Nadu. Since then, his relationship and equation with the state government has been strained and sour. Governor of Maharashtra Bhagat Singh Koshyari, Governor of Kerala Arif Muhammad Khan, former Governor of West Bengal and current Vice President Jagdeep Dhankhar and former Lieutenant Governor of Puducherry Kiran Bedi etc. Disputes and divisions of state governments have been sticking. Since there is a BJP government at the center, it is also natural that the governor or other sensitive and constitutional appointments will be done through it. This is our constitutional system, but why has Governor Ravi crossed his Lakshman Rekha? He has been at odds with the state government on several issues. He did not verify the government's opposition to NEET and is sitting on more than a dozen bills passed by the assembly. It is obvious that the state government will also charge. Then the governor remarked during an event at the 'Raj Bhavan' that 'Tamizhagam' would be a better name for the state than 'Tamil Nadu'. What was the need of it? The DMK strongly criticized and said that the governor was unnecessarily interfering in the politics of the state. 'Tamil Nadu' is a symbol of separation and also controversial in view of DMK's political history. Advocating linguistic nationalism, the DMK changed the name of the state from 'Madras' to 'Tamil Nadu' in 1969. Though the AIADMK is considered a party close to the BJP, it criticized the Governor. The Governor had also questioned the idea of establishment of the Dravidian movement. Do such comments also come under the jurisdiction of Governor Ravi?

# Tarak Mehta fame actor Sunil Holkar is no more, was suffering from liver cirrhosis

A bad news is coming from the TV world. TV show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' fame actor Sunil Holkar has said goodbye to this world. The actor was only 40 years old. He died on 13 January. His family consists of his mother, father, wife and two children. He last worked in the National Award winning film 'Gosht Eka Paithanichi'. Sunil used to entertain the audience through all the three mediums of drama, films and TV shows. According to information received from sources, Sunil was suffering from liver psoriasis for the last few days. He was undergoing treatment. But, suddenly he left this world. Fans have got a big shock due to the death of the actor at such a young age. If we talk about the acting journey of Sunil Holkar, then the actor worked for many years in Ashok Hande's Chaurang Natya Sansthan. Sunil has always been known as an actor and storyteller. He did theater for more than 12 years. His departure at the age of just 40 is a big loss for the art world. According to media reports, Sunil Holkar had probably already realized his death. It is being said that he had sent the last message to a friend, in which it was mentioned. He had told a friend in a message sent on WhatsApp that this was his last post. He wanted to say goodbye to everyone and thank everyone for the love he has received. Also, Sunil wanted to apologize for the mistakes he had made.



# After denial, now Adil accepted his marriage with Rakhi, said - I am busy in persuading the family

Rakhi Sawant had suddenly revealed her marriage with Adil Khan Durrani, after knowing which everyone was shocked. Earlier Adil had refused the marriage, so now he has accepted it. Entertainment queen Rakhi Sawant often remains in the limelight for one reason or the other. At the same time, these days Rakhi Sawant is in headlines for her marriage with Adil Khan Durrani. Recently, Rakhi shared the pictures and videos of her Nikah with Adil on social media, after which both came into the limelight. Earlier, where Adil had flatly refused to marry, now he has accepted the marriage. , there is also controversy. In such a situation, I thought that when so many things are happening in the media, then it is okay to accept the matter of marriage. At the same time, when this conversation was happening with Adil, Rakhi was also with him. Please tell that Rakhi Sawant and Adil Khan Durrani had married seven months ago with full rituals. Not only this, Rakhi had also changed her name to Fatima. However when this news came to the media, Adil denied it. In such a situation, Rakhi was in bad condition by crying. On the one hand, the mother of the actress is undergoing treatment for cancer, so she could not understand the reason behind Adil's act. Although now Adil has accepted Nikah with Rakhi.



# Prithvi Shaw returns to Team India after 537 days, rewarded for his brilliant performance in domestic cricket

Many times his posts on social media became quite viral when his name did not come when the team was selected for different series. However, now the board has finally given him a chance. Prithvi has been the captain of Team India that won the 2018 Under-19 World Cup. India's star young batsman Prithvi Shaw has returned to Team India. The BCCI on Friday announced the Indian team for the T20 and ODI series against New Zealand and the first two Tests against Australia. Prithvi has been given a chance in the team for the T20 series against New Zealand. At the same time, Suryakumar Yadav and Ishaan Kishan have got a place in the Test squad for the first time. Prithvi is returning to the Indian team after 537 days. Earlier he played T20 for India against Sri Lanka on 25 July 2021. Then this was India's first T20 match on Sri Lanka tour. After this match, Prithvi was dropped from the squad for the next two T20 matches of the series. After this now are selected. Many times his posts on social media became quite viral when his name did not come when the team was selected for different series. However, now the board has finally given him a chance. Prithvi has been the captain of Team India that won the 2018 Under-19 World Cup. Prithvi has been rewarded for his brilliant performance in domestic cricket. Of late, the star batsman has scored a lot of runs in various domestic tournaments including Syed Mushtaq Ali Trophy, Ranji Trophy and Duleep Trophy. Recently, Prithvi played an inning of 379 runs against Assam while playing from Mumbai. After this, BCCI Secretary Jai Shah himself praised Prithvi. Prithvi was one of the top-six run-scorers in several domestic tournaments, including the Syed Mushtaq Ali Trophy, Ranji Trophy and Duleep Trophy. In the Syed Mushtaq T20, Prithvi scored 332 runs in 10 matches at an average of 36.88 and an impressive strike rate of 181.42. He was the highest run-scorer in the tournament after Yash Dhull. During this, he also scored a century and a half-century. At the same time, in the Duleep Trophy, Prithvi scored 315 runs in two matches at an average of 105 and finished at number three. These include two centuries and one half-century. In the Ranji Trophy, Prithvi scored 539 runs in five matches at an average of 67.37 and a strike rate of 91.35. These include a century and a half-century. He is currently at number six in terms of scoring the most runs in Ranji. Talking about international cricket, Prithvi has played five Tests for India and scored 339 runs at an average of 42.37. This includes one century and two half-centuries. Prithvi holds the record for scoring a century on Test debut. He scored a century against the West Indies at the Saurashtra Cricket Association Stadium. He is the second youngest player (18 years 329 days) to score a century in Tests for India. Sachin Tendulkar is on top from India in this matter. Sachin scored a century in Test against England at the age of 17 years 107 days. Apart from this, Prithvi has scored 189 runs in six ODIs at an average of 31.50. At the same time, he has played only one T20 for India, in which he could not score any runs. In domestic cricket, Prithvi has scored 3623 runs in 41 first class matches at an average of 51.75. These include 12 centuries and 15 half-centuries. At the same time, he has scored 2627 runs in 53 List-A matches at an average of 52.54. These include eight centuries and 11 half-centuries. Overall ie including league and domestic T20 tournaments, Prithvi has scored 2401 runs in 92 T20 matches at a strike rate of 151.67. This includes one century and 18 half-centuries.



**Squad for T20I series against New Zealand:** Hardik Pandya (captain), Suryakumar Yadav (vice-captain), Ishan Kishan (wicketkeeper), Rituraj Gaikwad, Shubman Gill, Deepak Hooda, Rahul Tripathi, Jitesh Sharma (wicketkeeper), Washington Sundar, Kuldeep Yadav, Yuzvendra Chahal, Arshdeep Singh, Umran Malik, Shivam Mavi, Prithvi Shaw, Mukesh Kumar.-

**Squad for ODI series against New Zealand:** Rohit Sharma (captain), Shubman Gill, Ishan Kishan, Virat Kohli, Shreyas Iyer, Suryakumar Yadav, KS Bharat (wicketkeeper), Hardik Pandya (vice-captain), Washington Sundar, Shahbaz Ahmed, Shardul Thakur, Yuzvendra Chahal, Kuldeep Yadav, Mohammed Shami , Mohammad Siraj, Umran Malik.

## एसपी संदीप मीणा ने घायलों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-मुरादाबाद के एसपी देहात अपने सराहनीय कार्य को लेकर लगातार सुर्खियों में रहते हैं. बीते दिनों मैं भी उन्होंने घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया था. तो वही आज फिर एक्सीडेंट में घायल युवकों को आनन-फानन में अपनी गाड़ी से अस्पताल में भर्ती कराने पहुंची एसपी संदीप कुमार मीणा मुरादाबाद. एसपी देहात संदीप कुमार मीणा अपने सराहनीय कामों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं. वहीं, एक बार फिर उनके काम की काफी सराहना की जा रही है.जिसे सुनकर आप भी एसपी देहात की प्रशंसा करने लगेंगे. एसपी देहात भ्रमण कर रहे थे. तभी उन्होंने देखा कि कुछ घायल रोड के किनारे पड़े हुए थे. उनके पास में बाइक भी पड़ी हुई थी. आसपास के लोगों से पूछताछ एवं घटनास्थल के निरीक्षण से पता चला कि एक मारुति कार इन बाइक सवार तीन घायलों को टक्कर मार कर भाग गई है. एसपी देहात ने तुरंत ही घायलों को अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया.पुलिस के ऊपर आरोप की खबरें तो आपने बहुत सुनी होगी. लेकिन पुलिस के सराहनीय कार्य की खबरें आपने बहुत कम सुनी होगी. लेकिन मुरादाबाद के एसपी देहात अपने सराहनीय कार्य को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं. तो वही आज फिर उन्होंने घायलों की मदद कर अपना कद और बढ़ाया है. एसपी देहात संदीप कुमार मीणा मैनाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा असालतनगर में भ्रमण कर रहे थे. तभी उन्हें पता लगा कि मारुति कार बाइक सवार तीन घायलों को टक्कर मार कर भाग गई है. घायल जतिन पुत्र चंद्र किशोर उम्र करीब 22 वर्ष के सिर में गंभीर चोट है. तथा अभिषेक पुत्र सुरवीर उम्र करीब 19 वर्ष, अरुण पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 19 वर्ष को सामान्य चोटें आई हैं.

### समय रहते घायलों की जान बचाई

एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने बताया कि भ्रमण के दौरान तीन युवक घायल अवस्था मिले. तीनों को एस्कॉर्ट की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. जहां तीनों का इलाज चल रहा है. तीनों खतरे से बाहर हैं. उनके परिजनों को सूचना दे दी गई थी. जिसके बाद उनके परिजन अस्पताल पहुंचे

## महिला संस्था द्वारा मकर संक्रांति के महापर्व पर एक विशाल भंडारे का आयोजन

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- हर साल की भांति इस साल भी हमारी महिला संस्था द्वारा मकर संक्रांति के महापर्व पर एक विशाल भंडारे का आयोजन ताड़ीखाना स्थित गुरुद्वारे में किया गया जिसमें हमारी धार्मिक प्रकोष्ठ की सभी सदस्यों ने मिलजुल कर सहयोग एवं सेवा की । सर्वप्रथम मनोकामना मंदिर में भोग लगाया गया एवं पूजा अर्चना की उसके बाद गुरुद्वारे में माथा टेका फिर भंडारे का आरंभ हुआ इसमें सभी वर्गों के लोगों ने धर्म लाभ कमाया, जिसमें विशेष रूप से अदिति ,हरप्रीत, चीनू गुप्ता, एकता , मानसी ,अनुभा, शालिनी, मयूरी, संजना, नेहा महरोत्रा, मीनाक्षी सक्सैना, दीपाली, पूजा गर्ग आदि मौजूद रहें

## कपड़े पैठ में व्यापारी सड़क किनारे फड़ लगाकर किया अतिक्रमण नगर में जाम की स्थिति बनी



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-शनिवार का बाजार शरीफ नगर सुरजन नगर रोड पर बड़े वाहनों के के कारण ट्रैफिक में फंस जाने पर ग्राहकों की भीड़ अधिक होने की वजह से हाईवे पर जाम ।जिसमे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा तहसील मुख्यालय पर लगने वाले शनि बाजार शनिवार बड़े वाहन फंस पर जाने पर हाईवे पर बतादें कि प्रति सप्ताह शनिवार को नगर में सुरजननगर मार्ग पर लगने वाली कपड़े पैठ में व्यापारी सड़क किनारे फड़ लगाते है। सड़क किनारे दुकानें लगना ही नगर में जाम का मुख्य कारण है। कई बार पुलिस प्रशासन और नगरपालिका प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया है ,

लेकिन जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पाई जाम के कारण मार्ग पर वाहनो की लंबी कतारे लग गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन जाम खुलवाने में गंभीर नजर आया है। इससे यात्री और वाहन चालकों को जाम की परेशानी से जूझना पड़ा

## एसपी देहात ने किया थाने का निरीक्षण व नगर में किया पैदल फ्लैग मार्च

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा एसपी देहात संदीप मीणा कोतवाली परिसर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। कोतवाली परिसर में मालखाने से लेकर ऑफिस तक का जायजा लिया। इसके बाद ।ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस के साथ कस्बे की सड़कों पर पैदल फ्लैग मार्च भी किया और राह में मिले लोगों से व व्यापारियों से बातचीत भी की। उन्होंने लोगों से बात करके उनकी समस्याएं भी जानी एसपी देहात ने कस्बे के बाजारों और प्रमुख स्थानों पर पुलिस की चौकसी को भी परखा। इस दौरान सीओ ठाकुरद्वारा अर्पित कपूर , कोतवाली प्रभारी विजेन्द्र सिंह वरिष्ठ एसआई दिनेश उपाध्याय , एसआई सोहनपाल सिंह ,एसआई , जितेन्द गौतम,एसआई फुलकुवर सिंह, एसआई कामनी , कांस्टेबल गुलशन , अमित, जगदीश ठाकुर, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहै ,

## अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर वृद्ध बुरी तरह घायल



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी रमजानी अपने किसी काम से सुबह महमूदपुर जा रहै थे तभी बन्देवाली मेडेय्या सड़क पर सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर लगने से रमजानी गम्भीर रूप से घायल हो गये जिसकी सूचना फोन द्वारा परिजनों को मिली सूचना पर पहुँचे बेटे ने उपचार के लिऐ ठाकुरद्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है वही मुख्तार अहमद पुत्र रमजानी ने कोतवाली पुलिस को व अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल पिता को लेकर कोतवाली पुलिस को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है दूसरा अज्ञात वाहन का कोई पता नहीं

## हर में सोमवार को छोड़कर सप्ताह भर होगा नियमित टीकाकरण, पहले सिर्फ दो दिन मिलती थी सहूलियत



मुरादाबाद-सीएमओ डॉ. एमसी गर्ग ने बताया कि गर्भवतियों और पांच साल के बच्चों के टीकाकरण में शहरी क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। शहरी क्षेत्र में टीकाकरण की कवरेज बढ़ाने के लिए 15 जनवरी से हफ्ते में छह दिन टीकाकरण संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मुरादाबाद के शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए सत्र बदलाव किया गया है। शनिवार से महिला अस्पताल के एमसीएच विंग और सभी 26 अरबन पीएचसी में छह दिन ( सोमवार को छोड़कर ) गर्भवतियों और पांच साल बच्चों का नियमित टीकाकरण किया जाएगा। पहले सिर्फ दो दिन ही नियमित टीकाकरण होता था। सीएमओ डॉ. एमसी गर्ग ने बताया कि गर्भवतियों और पांच साल के बच्चों के टीकाकरण में शहरी क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। शहरी क्षेत्र में टीकाकरण की कवरेज बढ़ाने के लिए 15 जनवरी से हफ्ते में छह दिन टीकाकरण संचालित करने का निर्णय लिया गया है। महिला अस्पताल के एमसीएच विंग में सोमवार छोड़कर छह दिन सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक गर्भवतियों और बच्चों का नियमित टीकाकरण किया जाएगा। ऐसे ही शहर के सभी 26 अरबन पीएचसी पर भी छह दिन गर्भवतियों और बच्चों को टीका लगाया जाएगा।

## बन गई बात: समय से घर आएगा पति, गर्म खाना देगी पत्नी... 28 साल की शादी टूटने से बची, यहां हुआ समझौता

मुरादाबाद-मुरादाबाद में पति पत्नी के बीच हुआ विवाद नारी उत्थान केंद्र में काउंसिलिंग के बाद खत्म हो गया। अब पति समय से घर आएगा और पत्नी उसे गर्म खाना देगी। इसके बाद दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए। मुरादाबाद में मामूली विवाद में 28 साल साथ रहने वाले पति पत्नी के बीच पनपा विवाद नारी उत्थान केंद्र में काउंसिलिंग के बाद खत्म कर दिया। अब पति समय से घर आएगा और पत्नी उसे गर्म खाना देगी। इसके बाद दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए। सिविल लाइंस के हरथला निवासी 50 वर्षीय महिला ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें महिला ने बताया कि उसकी शादी 28 साल पहले हुई थी। पति मजदूरी करते हैं। एक बेटा और बेटी है। दोनों की शादी हो चुकी है। महिला ने बताया कि एक माह पहले पति रात ग्यारह बजे घर आए थे। पति ने उस पर दबाव बनाया कि वह खाना गर्म करके दे। पति शराब के नशे में थे। महिला ने बताया कि गैस सिलिंडर खाली हो गया है। अब खाना गर्म नहीं होगा। इसी बात को लेकर पति ने महिला के साथ मारपीट की थी। इसके बाद महिला अपनी बेटी के घर चली गई थी। बेटी ने फोन पर पिता से इस बात की शिकायत की थी। अगले दिन मजदूर ने बेटी के घर जाकर भी हंगामा किया था। महिला के प्रार्थना पत्र को काउंसिलिंग के लिए नारी उत्थान केंद्र भेज दिया था। यहां दोनों पक्षों को सुना गया। जिसमें तय हुआ कि अब पति समय से घर लौटेगा और शराब पीकर हंगामा हीं करेगा। जबकि महिला पति को गर्म खाना देगा। नारी उत्थान केंद्र की प्रभारी संदीपा चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। पति पत्नी साथ साथ रहने को तैयार हो गए हैं।

## बाल्मीकि समाज के पूर्व प्रधान ने किए कंबल वितरण

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा तहसील ग्राम खैरु ल्लापुर निवासी पूर्व प्रधान बाल्मीकि समाज के राजकुमार ने केम्प लगा कर वाल्मीकि समाज व अन्य गरीब एवं असहाय लोगों को निशुल्क कंबल का वितरण किया जिसमें 500 परिवारों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिसमें गरीब, मजलूम, विधवा, असहाय लोगों को को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को भीषण सर्दी के प्रकोप में गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी बाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष मयंक जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राकेश दानव मुकेश चौधरी उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री मनोज पाल मदन पाल सहदेव जी रिंकू भाई सभी समाज के सम्मानित लोग आदि उपस्थित ठाकुरद्वारा तहसील के ब्लॉक प्रमुख वीर सिंह सैनी आदि मौजूद रहै

## जल जीवन निशन अतंर्गत न तकनीकी मार्गदर्शन हेतु सरपंच, सचिव, स्वच्छताग्राहीयों का एकदिवसीय कार्यशाला

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन नोडल अधिकारी, सुश्री लीना कोसम सी.ई.ओ. जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विकासखण्ड रामानुजनगर के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम स्वच्छताग्राहीयों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे जल जीवन मिशन के कार्य अंतर्गत ग्रामीणों को घरेलू नल कनेक्शन लिये जाने हेतु प्रेरित करते हुये शुद्ध जल के दुरूपयोग को रोकने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित करना, ग्राम में गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति से सामजस्त स्थापित करते हुये उनके दायित्वों को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करना ग्राम में पेयजल से संबंधित कार्यो का क्रियान्वयन करना शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता के बारे में प्रचार प्रसार करना एवं जल परीक्षण के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत 12 जनवरी 2023 13 जनवरी 2023 को आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत रामानुजनगर श्री मनोज जायसायात ( महिला एवं बाल संरक्षण ) श्री संजय कुमार श्री दिपक साहु जिला समन्वयक ( स्वच्छ भारत मिशन ) एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के श्री व्ही के मिश्रा सहायक अभियंता सुश्री राधिका उजन उप अभियंता, जिला समन्वयक श्री अमित तिवारी, श्री अवध किशोर कुजूर, श्री राहुल जायसवाल, श्री आकाश गुप्ता, सुश्री तारा मानिकपुरी, सुत्री शीखा तिवारी, श्री राहुल यादव एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ट्रेन में मारपीट मामला: कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने किया ट्वीट, कहा- यह भाजपा का दोहरा चरित्र

मुरादाबाद-इमरान प्रतापगढ़ी ने इस घटना को दयनीय स्थिति बताया है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर गुंडागर्दी करने वालों का वीडियो सामने आया है। इमरान प्रतापगढ़ी के इस ट्वीट पर जीआरपी मुरादाबाद ने लिखा है कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने ट्रेन में कारोबारी के साथ हुई मारपीट के मामले को ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर तंज कसते हुए लिखा है कि उन्होंने एक दिन पहले ही कहा था कि मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है लेकिन ट्रेन में हुई घटना से भाजपा का दोहरा चरित्र सामने आया है। इमरान प्रतापगढ़ी ने इस घटना को दयनीय स्थिति बताया है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर गुंडागर्दी करने वालों का वीडियो सामने आया है। इमरान प्रतापगढ़ी के इस ट्वीट पर जीआरपी मुरादाबाद ने लिखा है कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए टीमें मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# करोड़ों के प्रस्ताव में ओडीओपी प्रोडक्ट की चमक पड़ी फीकी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एक जनपद एक उत्पाद योजना में चयनित जलेसर के घुंघरू-घंटी उत्पाद को बढ़ावा देने के प्रयास अभी तक कारगर नहीं हो सके है। जलेसर तहसील क्षेत्र में पीतल उद्योग घुंघरू-घंटी उत्पाद को आगे बढ़ाने के लिए नई फैक्ट्री, उद्योग नहीं लगे हैं, जिससे ओडीओपी में चयनित घुंघरू-घंटी उत्पाद विकास नहीं कर पा रहा है। इंवेस्टर्स समिट के लिए शासन को भेजे गए 404 करोड़ के प्रस्ताव में भी जलेसर के उत्पाद को नजरंदाज किया गया है। शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई अधिकारी, उद्यमियों की बैठक में डीएम ने 10-12 फरवरी के मध्य आयोजित होने वाली तीन दिवसीय इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा की। जनपद के लिये शासन से



500 करोड़ निवेश का लक्ष्य सौंपा गया है। लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 534 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव उद्यमियों एवं निवेशकों ने दिए हैं, जिसमें 404 करोड के प्रस्ताव पास होने के लिए शासन को प्रेषित कर दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि जनपद विकास से अछूता नहीं हैं। एटा विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यहां हर क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों एवं उद्यमियों से आग्रह किया एमएसएमई, एग्रीकल्चर, खाद्य प्रसंस्करण, फिशरीज एवं पशुपालन, शिक्षा एवं हास्पिटलिटी क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। उन्होंने निवेशकों, उद्यमियों से कहा कि उद्यम लगाने के लिये प्रशासन जमीन दिलाने में उनकी मदद करेगा। जमीन के संयुक्त खाते पर बटवारे, पैमाइश एवं दाखिल-खारिज में भी मदद की जाएगी। अधिकारीगण निवेशकों से वार्ता कर उसकी सूचना समय से जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान उद्यमियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा शासन की मंशानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसएसपी उदय शंकर सिंह, सीडीओ डा. एके बाजपेयी, प्रभारी जीएमडीअ ईसी बांके लाल, डीएओ मनवीर सिंह, एलडीएम वीरेन्द्र सिंह आदि अन्य अधिकारी गण, अरूण दीक्षित, प्रसून वार्ष्णेय, सौरभ जैन, अनुज जैन आदि उद्यमी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

## नियमों की पालन कर जीवन की रक्षा का दिया संदेश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर करंजी चौकी पुलिस के द्वारा हाईस्कूल करंजी में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम पालन करने का पाठ पढ़ाते हुए समझाइश दी गई। वही नियमों का उल्लंघन करने से नुकसान उठाना पड़ सकता हैं। विशेष तौर पर सफर के दौरान रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने स्कूली बच्चों से अपील कि वह परिजनों को ट्रैफिक रूल्स का पालन करने के लिए कहे। यदि वे कहीं नियम विपरीत वाहन चलाएं तो उन्हें जरूर टोके। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत करंजी



पुलिस के द्वारा लगातार नियमों के प्रति जागरूक की जा रही है। बेकायदा वाहन चलाने समय हेलमेट, सीट बेल्ट का महत्व भी बताया गया। नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा वाहन चालक हेलमेट पहने, कभी दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाये, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। बच्चों को पीछे बैठने एवं सीट बेल्ट अवश्य पहने। शराब पीकर वाहन ना चलाएं, मोबाइल का प्रयोग न करें तेज गति से वाहन ना चलाएं।

### सफर में सावधानी के टिप्स

करंजी चौकी में पदस्थ एएसआई मनोज द्विवेदी ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी के साथ-साथ सफर के दौरान एहतियात के तौर पर रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। जिसमें छात्राओं को बताया कि आप जिस किसी वाहन से सफर करें उसका नंबर याद रखें।मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग ना करें आपका ध्यान सड़क पर होना चाहिए। यदि स्कूल या सफर के दौरान आपको कोई परेशान करता है तो इसकी जानकारी अभिभावकों, शिक्षकों व पुलिस को जरूर देवे।

# राकेश कुमार सिंह ने विष्णुपुरी मंडल भाजपा के खिचड़ी सह भोज कार्यक्रम में भाग लिया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने विष्णुपुरी मंडल भाजपा के अध्यक्ष जगदीश महाजन के द्वारा कराया जा रहा खिचड़ी सहयोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इसे खिचड़ी सह भोज अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक अनिल पाराशर भाजपा के महानगर के यशस्वी अध्यक्ष डॉ विवेक सारस्वत जी नगर निगम के उपसभापति डॉ मुकेश शर्मा जी भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा जी के साथ खिचड़ी सह भोज का आनंद लिया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के साथ उपस्थित होने वाले भाजपा युवा नेता ठाकुर उदयवीर सिंह भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विष्णुपुरी दीपक सिंह सिद्धार्थ पंडित गांधीनगर भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष तिवारी भाजपा किसान मोर्चा के महावीर गंज मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर महेश चंद बघेल महेंद्र सिंह बघेल कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित हुए इस कार्यक्रम के संयोजक भाजपा विष्णुपुरी मंडल के अध्यक्ष जगदीश महाजन जी का आभार व्यक्त किया

# पुराने मुकदमे में अलीगंज विधायक समेत 36 बरी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दस वर्ष पहले पुलिस से मारपीट सहित करीब दस धाराओं में दर्ज हुए मुकदमे में अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठोर सहित 36 लोग बरी हो गए। यह मामला थाना नयागांव में दर्ज हुआ था। सरकार की ओर से केस वापस होने के बाद यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहा था। वर्ष 2012 में थाना नयागांव क्षेत्र में घटना के बाद पथराव हो गया था। इस मामले में 36 लोगों को नामजद किया था। इसके अज्ञात में 50 लोगों को शामिल किया गया था। अज्ञात के नामों में विधायक सत्यपाल सिंह राठोर का नाम शामिल कर लिया था। पुलिस ने जांच कर आरोप पत्र न्यायालय को भेज दिए थे। भापजा सरकार बनने के बाद वर्ष 2017 में सरकार ने यह मामला वापस कर लिया था। न्यायालय ने इस मामले को वापस ना होने खारिज कर दिया। इसकी सुनवाई एमपीएमएलए न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। शुक्रवार को न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई कर सभी को दोषमुक्त कर दिया। विधायक सत्पाल सिंह ने बताया कि यह मामला झूठा दर्ज कराया गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया है।

# पालतू कुत्ते को टहलाने गए लड़के की ट्रेन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-टा में पालतू कुत्ते को टहलाने गए लड़के की ट्रेन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत, सुबह-सुबह कुत्ते को टहलाने के लिए रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंच गया था 12 वर्षीय बालक कृष्णा, तभी अचानक ट्रेन आने से उसकी चपेट में आने से बालक व कुत्ता दोनों की मौके की मौके पर ही हुई मौत, सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस, बालक की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम, मां का रो रोकर हुआ बुरा हाल, जानकारी के अनुसार मृत बालक कृष्णा के पिता छत्तीसगढ़ में बीएसएफ में हैं तैनात,

# पोषाहार की बाट जोह रहे आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, प्रशासन मौन



अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जनपद के विकास क्षेत्र गिलौला के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर त्रिभौना में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के पात्र लाभार्थियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री संजू सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि चार - पांच महीने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा हम सभी को राशन सामग्री नहीं दिया गया है,कई लाभार्थियों ने तो यहां तक कहा कि सालों गुजर गए हैं आंगनवाड़ी केन्द्र के राशन का दर्शन नहीं हुआ है, उन्होंने बताया कि जब गांव का कोई व्यक्ति उच्च अधिकारियों से शिकायत करता है उसको अलग बुलाकर राशन दे दिया जाता है या फिर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा उसके घर पर राशन पहुंचा दिया जाता है बाकी ग्रामीण हाथ मलते रह जाते हैं।उत्तर प्रदेश सरकार ने पोषाहार बनाने का काम स्वयं सहायता समूह को देने का फैसला किया था और जब तक यह व्यवस्था स्थापित हो तब तक आंगनबाड़ी के लाभार्थियों को सूखा राशन देने का इंतजाम किया है,मगर रामपुर त्रिभौना के लाभार्थियों को ना तो सूखा राशन ही मिला है और ना ही पोषाहार से मिलने वाला पोषण।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# महिला के साथ सम्बंध बनाने का बनाया दवाब, विरोध में हत्या की दी धमकी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- उत्तरप्रदेश के जिला अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके की एक कालोनी में रहने वाले एक सिपाही ने खाकी पर कालिख पोत दी। सिपाही क्षेत्र की रहने वाली महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। इतना ही नही, विरोध करने पर पति की हत्या करने तक की धमकी दी है। आरोपी सिपाही वर्तमान में जिला रामपुर में तैनात है। घटना के बाद से पीड़ित महिला दहशत में है।

महिला ने क्वार्सी थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक, क्वार्सी इलाके की एक कालोनी में रहने वाली पीड़ित महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि घर के पास ही एक फायर विग्रेड कर्मी रहता है और रामपुर में तैनाती है। आरोपी का महिला के घर पर आना-जाना था। बीते दिनों आरोपी सिपाही ने महिला पर अश्लील करना शुरू कर दिया। जिसके बाद महिला ने आरोपी को घर आने से मना कर दिया। तभी से आरोपी सिपाही महिला से खुन्नस मानने लगा। आरोप हैं कि सिपाही महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। महिला ने मामले की जानकारी अपने पति व मायके पक्ष के लोगों को दी। पीड़ित महिला की बातें सुनकर परिजनो के होश उड़ गए। परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी का विरोध किया तो वह मारपीट पर ऊतारू हो गया। जोकि पीड़िता के पति की हत्या की धमकी दे रहा है। क्वार्सी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा ने बताया कि महिला ने पड़ोसी पर ही आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है। दोषी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

# आलू के खेत में फन फैलाए कोबरा से लोगों ने उठाया लुफ्त,वीडियो वायरल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कड़ाके की ठंड में बिल से निकला किंग कोबरा, आलू के खेत में फन फैलाए कोबरा से लोगों ने उठाया लुफ्त,वीडियो वायरल। यूपी के एटा ज़िले में आलू के खेत में किंग कोबरा फन फैलाए 5 मिनट तक खड़ा रहा वहीं किसानों ने कोबरा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसमें किसान कोबरा के साथ मस्ती करते नज़र आ रहे हैं। कड़ाके की ठंड में किंग कोबरा अपने भोजन की खोज में बिल से बाहर निकलकर आलू के खेत में ताक लगाकर बैठ गया, जब किसान खेत पर काम करने के लिए निकले तो कोबरा फन उठाकर खड़ा हो गया, जिसका विडियो किसानों ने बना लिया और कोबरा के साथ जमकर मस्ती की है। ज़िले के अलीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर गांव में किसान नवीन शाक्य के आलू के खेत में किंग कोबरा फन फैलाए उनके बेटे मानवेन्द्र को मिला तो देखते ही देखते आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, फिर क्या लोगों ने कोबरा का वीडियो बनाना शुरु कर दिया, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया है, वहीं वीडियो में लोग कोबरा के साथ मस्ती करते नज़र आ रहे हैं। खेत स्वामी मानवेन्द्र ने बताया की हम खेत में भैंस के लिए घास काटने जा रहे थे तभी अचानक काले नाग को देखकर डर गए, तो आवाज लगाईं गांव के कई लोग इकट्ठा हो गए, फिर वीडियो बनाया और 5 मिनिट तक नाग फन उठाए खड़ा रहा है, उसके बाद खेत में अंदर चला गया है, खेत में काला नाग होने से खतरा भी बना हुआ है।

# भारतीय विद्यार्थी परिषद संघ ने शहीदों की याद में किया एक आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- इकौना-। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला श्रावस्ती के गिलौला नगर इकाई द्वारा युवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर मंत्री ऋषभ शुक्ल के नेतृत्व में ब्लॉक गिलौला के शहीद स्मारक में साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया । राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रज्वल मिश्रा,प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य अनूप शुक्ल,इकौना तहसील संयोजक शुभम,जमुनहा तहसील सह संयोजक विराट,नगर सह मंत्री अतुल,नगर सह मंत्री दिव्यांशु,नागेन्द्र दीक्षित,अखिलेश आर्य एवं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। तो वही



प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनूप शुक्ला ने कहा - शहीद स्मारक उन जवानों की शहादत को याद रखने के लिए बनाया गया है। जो देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। वही राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रज्वल मिश्रा ने कहा-इंडिया गेट की अमर जवान ज्योति की तरह ही शहीद स्मारक भी एक और ज्योति है।जो कि समाज के लिए अपने देश के जवानों के प्रति आकर्षण का केंद्र है।

# डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का शिलान्यास



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- डॉक्टर बी आर अंबेडकर की प्रतिमा रखने हेतु तहसील जमुनहा के अधिवक्ता गण की उपस्थिति में किया गया शिलान्यास अधिवक्ता संघ भवन के सामने किया गया?। इस मौके पर सत्यनारायण यादव अधिवक्ता संघ अध्यक्ष तहसील जमुनहा श्री हजारीलाल पाठक महामंत्री तहसील जमुनहा जितेंद्र कुमार भारती एडवोकेट, राकेश कुमार अंबेडकर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जिला श्रावस्ती ,ओम प्रकाश सोनकर एडवोकेट यशवंत कुमार सोनकर एडवोकेट, प्रहलाद प्रसाद आजाद एडवोकेट ,सफीक उल्ला खा वरिष्ठ अधिवक्ता धनंजय त्रिपाठी प्रभारी रजिस्टार जमुनहा, प्रेम चंद्र गौतम एडवोकेट लवकुमार एडवोकेट ,शिशिर कुमार गुप्ता एडवोकेट, शिवकुमार सोनकर एडवोकेट, हरीश चंद्र वर्मा एडवोकेट, बाबू साहेब शरण वर्मा एडवोकेट, गुरदयाल भार्गव एडवोकेट ,ओमप्रकाश सिद्धार्थ एडवोकेट ,गुड्डू विश्वकर्मा ,सभी सम्मानित अधिवक्ता गण मौजूद रहे

# निशुल्क नेत्र शिविर में 195 मरीजों का हुआ परीक्षणजलेसर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मथुरा की समाज सेवी संस्था कल्याण करोति संचालित श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकाता के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन जेएसबी पब्लिक स्कूल जलेसर में किया गया जहां 195 मरीजों ने पंजीकरण कराकर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया जिसमें 40 मोतियाबिंद के मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन हेतु श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेजा गया इसी दौरान संस्थान के द्वारा पत्रकारों को सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया शुगर के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मपाल सिंह पवन सिंह चौहान डॉ धनंजय वशिष्ट अनुभव उपाध्याय श्याम सुंदर सिंह चंदन सिंह विनोद पंच योगेश चौधरी यग देव आर्य संहिता अन्य समाजसेवी मौजूद थे